सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 भाद्र 6, गुरुवार, शाके 1947–अगस्त 28, 2025 अंक 22
Vol. 77 Bhadra 6, Thursday, Saka 1947–August 28, 2025 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, अरूणा देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री मूल किशन शर्मा, उम्र 69 वर्ष, जाति– ब्राह्मण, निवासी– इन फ्रन्ट ऑफ ह्यूसन गर्ल्स स्कूल, जूनी धान मंडी, जोधपुर 342001 में रहने वाली शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि:–

1. यह है कि मेरा नाम अरूणा शर्मा है तथा इसी नाम से मेरा आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, पेन कार्ड बने हुए हैं।
2. यह है कि मुझे अरुणा देवी शर्मा के नाम से भी जाना जाता है तथा मेरे पति के पेन्शन के दस्तावेजों में अरूणा देवी शर्मा नाम अंकित है।
3. यह है कि अरूणा शर्मा व अरूणा देवी शर्मा दोनों एक ही व्यक्ति व शख्स का नाम है जो कि मेरे है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी रहेगी।
4. यह हैं, कि मैं समस्त दस्तावेजों में अपना नाम अरूणा शर्मा के स्थान पर अरुणा देवी शर्मा करवाना चाहती हूँ।
5. यह है कि भविष्य में मुझे अरूणा देवी शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जावे, जिसकी ताईद में यह शपथ–पत्र निष्पादित किया जा रहा है

अरूणा शर्मा
शपथकर्ता

तस्दीक

मैं, उपरोक्त शथकर्ता शपथपूर्वक तस्दीक करती हूँ कि उपरोक्त शपथ–पत्र के पद संख्या–1 से 5 में वर्णित वाक्यात मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी से सही हैं। ईश्वर सत्य बोलने में मेरी मदद करें।

अरूणा शर्मा
तस्दीककर्ता

ATTESTED
TAHIR AHMED
11-07-2025
NOTARY, JODHPUR.
11615

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।